
Adda247
GET IT ON Google Play

## भाग–अ
## मानसिक योग्यता

1. एक टैंक को दो पाइप A तथा B द्वारा क्रमशः 15 और 20 घंटे में भरा जा सकता है, जब उन्हें स्वतन्त्र रूप से संचालित किया जाता है। यदि दोनों पाइप एक साथ काम करें, तो कितने समय में टैंक भर जाएगा?
   (A) $6\frac{7}{4}$ घंटे (B) $7\frac{4}{7}$ घंटे (C) $8\frac{4}{7}$ घंटे (D) $8\frac{6}{4}$ घंटे

2. एक निश्चित कूट भाषा में 'ROCKET' को 'VCMAQP' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, तो उसी कूट भाषा में 'SCIENCE' को क्या लिखा जाएगा?
   (A) GAPCKAU (B) GPAKCUL (C) HAPBLAU (D) PLMKUKE

3. कौनसी संख्या प्रश्न चिन्ह के स्थान पर आएगी?




   (A) 7 (B) 9 (C) 13 (D) 2

4. अगली संख्या का अनुमान लगाओ –
   14 : 196 : : 19 : ............
   (A) 256 (B) 361 (C) 466 (D) 571


5. व्यायाम, जिम के लिए वैसा ही है, जैसे कि खाना –
   (A) भोजन के लिए (B) डाइटिंग के लिए (C) फिटनेस के लिए (D) रेस्टोरेंट के लिए



6. निम्नलिखित में से कौनसी संख्या अनुक्रम में अगली आती है?
   2, 4, 8, 16, ..........
   (A) 32 (B) 36 (C) 40 (D) 48

7. विषम संख्या चुनें –
   8, 27, 64, 100, 125, 216, 343
   (A) 27 (B) 100 (C) 125 (D) 343

8. सही विकल्प चुनिए और अनुक्रम पूरा कीजिए।
   TJP : WPY : : WEI : ?
   (A) ZKR (B) XLQ (C) RKZ (D) AEL

9. मैट्रिक्स पूरा करें –




   (A)  (B)  (C)  (D) 

10. निम्नलिखित श्रृंखला को पूरा करें।
    ARP, ARP2, AR2P3, ..............AR4P5.
    (A) AR4P4 (B) AR3P3 (C) AR3P4 (D) AR4P3



Scanned with OKEN Scanner

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

- 70,000+ Mock Tests
- Personalised Report Card
- Unlimited Re-Attempt
- 600+ Exam Covered
- Previous Year Papers
- 500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS


**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

**11.** टमाटर : क्लस्टर बीन्स : : खीरे : मक्का

(A) सभी सब्जियाँ हैं।
(B) सभी फल हैं।
(C) सभी जड़ें हैं।
(D) सभी तने के संशोधित भाग हैं।

**12.** कौनसा अक्षर प्रश्न चिन्ह के स्थान पर आएगा?






(A) K (B) R (C) P (D) V

**13.** एक निश्चित कूट भाषा में 'EVERYDAY' को 'HXHTBFDA' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'TOMORROW' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

(A) OWQPUSOX (B) WQPQUTRY (C) RMWTOSSW (D) WQPQUUQY

**14.** कौन सा घन खुले हुए घन के आधार पर नहीं बनाया जा सकता है?









1 2 3 4

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

**15.** सही विकल्प चुनकर पैटर्न पूरा करें –




(A)  (B)  (C)  (D) 

**16.** दी गई श्रृंखला को पूरा करें।

pqr_ _rsprs_ _spq_

(A) pqppq (B) spqpr (C) sqpqr (D) sqprq

**17.** निम्नलिखित आकृति में सीधी रेखाओं की संख्या कितनी है?



(A) 15 (B) 13 (C) 17 (D) 19

**18.** निम्नलिखित श्रृंखला को पूरा करें।


K3G, M6K, P10P, T15V, ........

(A) V20[illegible] (B) Y21C (C) C18Y (D) Z19C



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play



**प्रश्न संख्या 19 - 23**

यदि आप किसी बिन्दु से आरम्भ करें उत्तर की ओर चलते हैं और 4 कि.मी. दूरी तय करने के बाद आप अपने बायें मुड़ते हैं और 5 कि.मी. चलते हैं और तब पुनः अपने बायें मुड़कर 5 कि.मी. चलते हैं और तब पुनः बायें मुड़कर 6 कि.मी. चलते हैं और यात्रा समाप्त करने से पहले एक बार पुनः बायें मुड़कर 1 कि.मी. चलते हैं। इस सूचना के आधार पर प्रश्न 19 - 23 के उत्तर दीजिए –

19. यात्रा समाप्ति पर आप किस दिशा की ओर चल रहे थे?
(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) उत्तर (D) दक्षिण

20. अब आप अपनी यात्रा प्रारम्भ करने के स्थान से कितना दूर हैं?
(A) 1 कि.मी. (B) 2 कि.मी. (C) 3 कि.मी. (D) 4 कि.मी.

21. अन्तिम बिन्दु पर, आप अपने आरम्भिक बिन्दु से लेकर कितनी दूरी तय कर चुके हैं?
(A) 22 कि.मी. (B) 21 कि.मी. (C) 23 कि.मी. (D) 20 कि.मी.

22. यदि अन्तिम बिन्दु से आपको आरम्भिक बिन्दु की ओर चलना पड़े, तो आपको किस दिशा की ओर चलना होगा?
(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) उत्तर (D) दक्षिण

23. दूसरा मोड़ लेने के बाद आप किस दिशा की ओर चल रहे थे?
(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) उत्तर (D) दक्षिण

24. निम्नलिखित में से कौनसा अधिवर्ष नहीं है?
(A) 2600 (B) 2000 (C) 2800 (D) 1968

25. 60 छात्रों की एक कक्षा में, जहां लड़के, लड़कियों से दोगुने हैं, अलका शीर्ष से 17वें स्थान पर है। यदि अलका से आगे 9 लड़के हैं, तो उसके बाद कितनी लड़कियाँ हैं?
(A) 26 (B) 10 (C) 12 (D) 33

26. निम्नलिखित अक्षरों को एक सार्थक शब्द में व्यवस्थित कीजिए और दिए गए विकल्पों में से दूसरा अंतिम अक्षर ज्ञात कीजिए –
"RHTAE"
(A) T (B) R (C) A (D) E

27. आप पर्वतारोहरण की योजना बना रहे हैं और देखते हैं कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आंधी–तूफान की संभावना बहुत ज्यादा है। आप क्या करेंगे?
(A) पूर्वानुमान को अनदेखा कर योजना के अनुसार यात्रा पर जाएंगे।
(B) यात्रा की तिथि के करीब आने पर पूर्वानुमान की फिर से जाँच करेंगे।
(C) आंधी–तूफान के जोखिम के कारण यात्रा रद्द करेंगे।
(D) आवश्यक सावधानी बरतेंगे, जैसे कि प्राथमिक चिकित्सा किट लाना और मार्ग जानना।

28. एक सटीक घड़ी सुबह 8 बजे का समय दिखा रही है। जब घड़ी दोपहर 2 बजे का समय दिखाएगी तो घंटे की सुई कितने डिग्री घूमेगी?
(A) 180° (B) 144° (C) 168° (D) 155°


29. छः किताबें A, B, C, D, E और F एक दूसरे के बगल में रखी गई हैं। B, C और E का कवर नीला है और बाकी किताबों का कवर लाल है। केवल D और F नई किताबें हैं और बाकी पुरानी हैं। A, C और D लॉ रिपोर्ट पर हैं और बाकी प्रबंधन पर हैं। कौनसी किताब लाल रंग के कवर वाली नई लॉ रिपोर्ट है?
(A) B (B) A (C) D (D) C



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

**30.** निम्नलिखित मैट्रिक्स को पूरा करें –




**(A)** 32 **(B)** 27 **(C)** 15 **(D)** 18

**31.** यदि कोई महीना मंगलवार से शुरू होता है, तो उस विशेष महीने में शुक्रवार किस–किस तारीख को पड़ेगा?

**(A)** 3, 10, 17, 24 **(B)** 2, 9, 16, 23, 30 **(C)** 4, 11, 18, 25 **(D)** 5, 12, 19, 26

**32.** आप नई पीढ़ी का एक लैपटॉप खरीदना चाहते हैं, लेकिन संभावना है कि अगले साल एक नया मॉडल जारी किया जाएगा। आप क्या करेंगे?

**(A)** वर्तमान मॉडल खरीदेंगे।
**(B)** नए मॉडल के रिलीज़ होने तक इंतजार करेंगे।
**(C)** नए मॉडल पर शोध करेंगे तथा उसकी वर्तमान मॉडल से तुलना करेंगे।
**(D)** वैकल्पिक विकल्पों पर विचार करेंगे।

**33.** बुधवार की सुबह ललित उत्तर दिशा की ओर मुंह करके खड़ा था। वह घड़ी की सुइयों की दिशा के विपरीत दिशा में 180° घूमता है और फिर घड़ी की सुइयों की दिशा में 225° घूमता है। अब वह किस दिशा की ओर मुंह करके खड़ा है?

**(A)** उत्तर–पूर्व **(B)** पश्चिम **(C)** दक्षिण–पश्चिम **(D)** पूर्व

**34.** आप एक नए वैज्ञानिक अध्ययन के बारे में समाचार लेख पढ़ रहे हैं। इस नये अध्ययन का दावा है कि एक प्रकार के भोजन और कैंसर के बढ़ते जोखिम के बीच संबंध है। हालाँकि, करीब से पढ़ने पर, आप पाते हैं कि अध्ययन को एक ऐसी कंपनी द्वारा वित्त पोषित किया गया था जो परिणामों से लाभान्वित होने वाली है। अब आप क्या करेंगे?

**(A)** बिना किसी सवाल के अध्ययन के निष्कर्षों को स्वीकार करेंगे।
**(B)** संभावित हितों के टकराव के कारण निष्कर्षों पर संदेह करेंगे।
**(C)** अध्ययन और उसके निष्कर्षों की उपेक्षा करेंगे।
**(D)** अध्ययन और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में अधिक जानकारी की तलाश करेंगे।

**35.** निम्नलिखित से एक सार्थक अनुक्रम बनाएं –

(1) इंस्टाग्राम (2) फेसबुक (3) टिकटॉक (4) यू–ट्यूब (5) ट्विटर

**(A)** 24513 **(B)** 42153 **(C)** 52431 **(D)** 24153

**36.** निम्नलिखित चार शब्दों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया गया है। कौनसा शब्द दूसरे स्थान पर आएगा?

**(A)** Election **(B)** Energetic **(C)** Eclectic **(D)** Electric

**37.** चार व्यक्ति M, N, O और P लूडो खेल रहे हैं। इस खेल में M, O के साथ जोड़ी बनाता है और N, P के साथ जोड़ी बनाता है। P, O के दायीं ओर है, जिसका मुख पश्चिम की ओर है। P किस दिशा के सम्मुख है?

**(A)** पूर्व **(B)** उत्तर – पश्चिम **(C)** दक्षिण **(D)** पश्चिम



(2)
(C)

Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

38. एक पंक्ति में राकेश बाएं से सातवें स्थान पर है और सुरेश दाएं से चौथे स्थान पर है। जब राकेश और सुरेश अपना स्थान बदल लेंगे तो राकेश बाएं से पंद्रहवें स्थान पर होगा। दाएं से सुरेश का स्थान क्या होगा?
(A) ग्यारहवाँ (B) बारहवाँ (C) नवाँ (D) चौथा

39. गुलाब, तुलसी, नींबू, चमेली, ......................................
(A) पैसीफ्लोरा (B) क्लेमाटिस (C) धन (D) मेहंदी





40. 3 जनवरी, 2007 को रविवार था। 3 जनवरी, 2008 को सप्ताह का कौनसा दिन होगा?
(A) मंगलवार (B) शुक्रवार (C) सोमवार (D) शनिवार

41. फसल : उपज : : विधि : ?
(A) सामान (B) रसोई (C) सामग्री (D) रसोइया

42. यदि दक्षिण–पूर्व दिशा, उत्तर दिशा हो जाए तथा उत्तर–पूर्व दिशा, पश्चिम दिशा हो जाए तथा शेष सभी दिशाएँ भी इसी प्रकार बदल दी जाएँ, तो पश्चिम दिशा क्या होगी?
(A) दक्षिण (B) दक्षिण–पूर्व (C) उत्तर–पूर्व (D) दक्षिण–पश्चिम

**दिशा निर्देश : प्रश्न संख्या (43 से 47) – प्रश्नों में दिये गये शब्दों को वर्णमाला के क्रमानुसार जमाने पर प्रथम आने वाले शब्द का चयन कीजिए –**

43. (A) Probe (B) Problem (C) Proclaim (D) Probate
44. (A) Praise (B) Prank (C) Prayer (D) Practice
45. (A) Sport (B) Spouse (C) Squash (D) Sprout
46. (A) Wasp (B) Waste (C) War (D) Wrist
47. (A) Nature (B) Narrate (C) Native (D) Naughty

48. विषम को चुनें –
(A)  (B)  (C)  (D) 

49. दो पुरुष, A तथा D तथा दो महिलाएँ, S तथा R एक विक्रय समूह में हैं। केवल दो तमिल बोलते हैं। अन्य दो मराठी बोलते हैं। केवल एक पुरुष तथा एक महिला कार चला सकते हैं। S मराठी बोलती है। A तमिल बोलता है। R तथा D, दोनों गाड़ी चला सकते हैं। निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है?
(A) दोनों तमिल भाषी कार चला सकते हैं।
(B) दोनों मराठी भाषी कार चला सकते हैं।
(C) जो लोग कार चला सकते हैं वे दोनों मराठी बोलते हैं।
(D) जो लोग कार चला सकते हैं उनमें से एक तमिल बोलता है।

50. जंगल में दशकों से जमा हुआ मलबा आग पकड़ता है। आग युवा पेड़ों के शीर्ष से परिपक्व पेड़ों की शाखाओं में फैलती है। यह आग एक पेड़ की चोटी से दूसरे पेड़ की चोटी पर कूदती है और विनाशकारी हो सकती है। हालाँकि, पुराने जंगलों में परिपक्व पेड़ों की छाया छोटे पेड़ों के घने झुरमुटों को उगने से रोकती है, और परिपक्व पेड़ों की निचली शाखाएँ आग पकड़ने के लिए बहुत ऊँची होती हैं।
यह पैराग्राफ इस कथन का सबसे अच्छा समर्थन करता है कि –
(A) पुराने जंगलों में जंगल की आग से होने वाला नुकसान कम होता है।
(B) जंगल की आग को रोकने के लिए छोटे पेड़ों को काट दिया जाना चाहिए।
(C) जंगल की आग को रोकने के लिए परिपक्व पेड़ों को पतला किया जाना चाहिए।
(D) पुराने जंगलों में जंगल की आग सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचाती है।


Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

## भाग–ब
## शिक्षण अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति

**51.** आपको अपने शिक्षक की कौनसी विशेषता सबसे अधिक प्रभावित करती है?
(A) धारा प्रवाह अभिव्यक्ति
(B) ज्ञान के प्रति ललक
(C) मेधावी विद्यार्थियों के प्रति अनुराग
(D) सहयोगी व्यवहार

**52.** कक्षा शिक्षक के लिए महत्त्वपूर्ण है –
(A) छात्रों में अनुशासन बनाए रखना
(B) छात्रों से फीस वसूलना
(C) कक्षा के छात्रों के सभी रिकॉर्ड रखना
(D) कक्षा के छात्रों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर ध्यान देना

**53.** कुछ विद्यार्थी चुपचाप स्कूल से चले जाते हैं। विद्यार्थियों की इस आदत को रोकने के लिए आपको –
(A) यह जानने का प्रयास करना चाहिए कि वे क्यों विद्यालय से भागते हैं।
(B) उनके विद्यालय से भागने की आदत के बारे में प्राचार्य को बताना चाहिए।
(C) उनके विद्यालय से भागने की आदत के बारे में अभिभावकों को बताना चाहिए।
(D) कक्षा–कक्ष शिक्षण को ज्यादा रुचिकर बनाना चाहिए।

**54.** अच्छे संचार के लिए निम्न में से किसकी आवश्यकता होती है?
(A) विचारों की स्पष्टता
(B) नाटकीय प्रस्तुति
(C) सौम्य स्वर में बोलना
(D) बिना रुके बोलना

**55.** निम्नलिखित में से कौनसा प्रभावी शिक्षण का घटक है?
(A) विद्यार्थियों की समझ की जाँच करने के लिए प्रश्न पूछना।
(B) छात्रों को फीडबैक प्रदान करना।
(C) सीखने में कितना समय लगता है, इसके बारे में लचीला होना।
(D) छात्रों के व्यवहार के प्रति प्रतिक्रिया करना

**56.** सामाजिक रूप से परिपक्व शिक्षक प्रतिपुष्टि और रचनात्मक आलोचना पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं?
(A) उनकी क्रियाओं पर चिंतन करके और आवश्यकतानुसार समायोजन करके
(B) प्रतिपुष्टि देने वालों के खिलाफ जवाबी कार्यवाही करके
(C) रक्षात्मक बनकर और वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य पर विचार करने से इन्कार करके
(D) प्रतिपुष्टि को खारिज करके और किसी भी कमी के लिए बाहरी कारकों को दोष देकर

**57.** शिक्षा में जेंडर समावेशन का उद्देश्य है –
(A) केवल लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना।
(B) लड़के और लड़कियों के बीच सहयोग बढ़ाना।
(C) सभी विद्यार्थियों को समान अवसर एवं समावेशी वातावरण प्रदान करना।
(D) केवल वंचित समुदायों के बच्चों को लाभ पहुँचाना।

**58.** प्रौद्योगिकी के विकास के साथ, भविष्य में शिक्षक की भूमिका होगी –
(A) जानकारी प्रदान करना
(B) प्रौद्योगिकी आधारित नई पाठ्यपुस्तकें विकसित करना
(C) प्रौद्योगिकी के विवेकपूर्ण प्रयोग हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना
(D) शिक्षण में इंटरनेट का उपयोग करना

**59.** शिक्षक को सहपाठी आकलन का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि –
(A) इसमें विद्यार्थी एक–दूसरे की गलतियों को दूर कर सकते हैं।
(B) यह शिक्षकों के कार्य को सुगम बनाता है।
(C) यह सहयोग एवं स्व आकलन को बढ़ावा देता है।
(D) यह पूरी तरह से अनावश्यक प्रक्रिया है।



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

60. अध्यापक–छात्रों में अच्छे सम्बन्ध से लाभ है –
(A) अध्यापकों को ट्यूशन मिलती है।
(B) कक्षा में अनुशासन बना रहता है।
(C) कक्षा के अन्तर्गत सीखने–सिखाने में मदद मिलती है।
(D) कक्षा में स्वस्थ वातावरण बना रहता है।

61. यह जानने के लिए कि उसका शिक्षण प्रभावी हो रहा है या नहीं शिक्षक को अपने शिक्षण के मध्य में –
(A) कक्षा में हास्यमय परिस्थिति का निर्माण करना चाहिए।
(B) लापरवाह विद्यार्थियों को हतोत्साहित करने वाली टिप्पणी करनी चाहिए।
(C) कमजोर विद्यार्थियों को निष्कासित करना चाहिए।
(D) सुसंगत प्रश्न करना चाहिए।

62. एक अध्यापक जो पूर्ण समर्पण के साथ अपना कार्य करता है उसको प्रोत्साहित करने के लिए –
(A) उसको पुरस्कार देना चाहिए।
(B) उसको अग्रिम वेतन वृद्धि देनी चाहिए।
(C) उसके लिए बधाई कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए।
(D) उसके कार्य की समय–समय पर सराहना करनी चाहिए।

63. यदि कक्षा में पीछे बैठने वाले बच्चे हमेशा बातें करते रहते हैं तो शिक्षक को चाहिए कि –
(A) उन्हें वही करने दें जो वे कर रहे हैं
(B) उन्हें दंडित करें
(C) उन्हें आगे की बेंच पर बैठने के लिए कहें
(D) प्रश्न पूछकर उन्हें संलग्न करें

64. एक व्यावसायिक प्रतिबद्ध शिक्षक –
(A) अनुदेशात्मक घंटों के अलावा भी विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को संबोधित करता है।
(B) सहकर्मियों के साथ सहयोग करना स्वीकार करता है।
(C) व्यावसायिक विकास कार्यशालाओं में भाग लेता है।
(D) नियमित रूप से प्रधानाचार्य को रिपोर्ट देता है।

65. विद्यार्थियों को विषय का चयन करना चाहिए –
(A) उनकी क्षमता व रुचि के अनुसार
(B) विषय की उपयोगिता के आधार पर
(C) अभिभावकों की इच्छानुसार
(D) शिक्षक के सुझाव के अनुसार

66. आपकी कक्षा का एक छात्र चोरी करने का दोषी है। आप क्या करेंगे?
(A) व्यवहार का कारण पता लगाएंगे और चोरी के दुष्प्रभाव बताएंगे
(B) अभिभावक को सूचित करेंगे
(C) सार्वजनिक रूप से माफी के लिए कहेंगे
(D) बच्चे को पुलिस के पास भेजेंगे

67. आप यह सोचते हैं कि औचक परीक्षण लेना तर्कसंगत है क्योंकि –
(A) विद्यार्थी इसकी वजह से भयभीत रहते हैं।
(B) आपको इसकी खातिर घर से तैयारी नहीं करनी पड़ती।
(C) औचक परीक्षण लेने के लिए आप शिक्षण सत्र का उपयोग कर सकते हैं।
(D) इस प्रकार के परीक्षणों से विद्यार्थियों की योग्यताओं एवं ज्ञान स्तर की सही मायने में जाँच होती है।

68. प्रभावी ढंग से सम्प्रेषण (संवाद) करने की क्षमता –
(A) शैक्षणिक स्तर पर निर्भर करती है।
(B) एक प्राकृतिक प्रतिभा है।
(C) हमेशा प्रौद्योगिकी के उपयोग पर निर्भर करती है।
(D) सीखी जा सकती है।

69. एक किशोर को सत्ता के खिलाफ विद्रोह करने के लिए क्या प्रेरित करता है?
(A) वह सोचता है कि वह काफी परिपक्व है
(B) उसकी पहचान, विचार और कार्य की स्वतंत्रता की इच्छा
(C) वह सोचता है कि वह काफी बुद्धिमान है
(D) वह मानता है कि उसे किसी सलाह की आवश्यकता नहीं है



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

70. निम्नलिखित अध्यापक अपने विद्यार्थियों में लोकप्रिय होता है, जो –
(A) अपने विद्यार्थियों को अकादमिक कार्यों में मदद करे तथा उनके सुख एवं दुख के समय भी साथ रहे।
(B) अपने विद्यार्थियों के साथ ऐसा व्यवहार करे जैसे वो उसके मित्र हों।
(C) अपने विद्यार्थियों की शरारती गतिविधियों पर ध्यान नहीं देता हो।
(D) अपने विद्यार्थियों के समर्थन में प्राचार्य से भी लड़ जाता हो।

71. एक कुसमायोजित विद्यार्थी के समायोजन हेतु, शिक्षक को करना चाहिए –
(A) कक्षा में विद्यार्थी को डाँट लगाना
(B) प्रधानाचार्य से शिकायत
(C) बैठने का स्थान परिवर्तन
(D) उस विद्यार्थी को समूह गतिविधि आयोजन की जिम्मेदारी देना चाहिए

72. एक प्रभावी शिक्षक निम्न में से किस गुण के कारण पहचाना जाता है?
(A) आदेश देने की क्षमता
(B) प्रेरणादायक और सहयोगी दृष्टिकोण
(C) प्रशासनिक कार्यों में दक्षता
(D) केवल पाठ्य सहगामी क्रियाओं पर ध्यान देना

73. निम्नलिखित में से कौनसी गतिविधियाँ एक शिक्षक को छात्रों के बीच सामाजिक और नैतिक मूल्यों को विकसित करने में सहायक हैं?
(A) मूल्यों पर व्याख्यान देना।
(B) टी.वी. कार्यक्रम दिखाना।
(C) सामाजिक मुद्दों पर नाटक में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों को संलग्न करना।
(D) राष्ट्रीय और सामाजिक महत्त्व के पर्वों को मनाना।

74. सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण सहायक है –
(A) विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने में
(B) बेहतर संचार कौशल में
(C) चर्चा में हावी होने में
(D) समस्या समाधान क्षमता में वृद्धि करने में

75. यदि कोई छात्र अनुशासनहीन हो, तो आप –
(A) दण्ड स्वरूप अत्यन्त जटिल कार्य देंगे।
(B) उसकी ओर ध्यान नहीं देंगे।
(C) उसे अध्ययन सामग्री देंगे जिससे उसकी प्रतिभा विकसित हो।
(D) उसे अन्य कार्यों में व्यस्त रखेंगे।

76. शैक्षिक उपलब्धि स्तर ज्ञात करने के लिए निम्न में से कौनसा उपयुक्त है?
(A) अंकन (B) ग्रेड प्रणाली (C) पोर्टफोलियो (D) उपस्थिति पत्रक

77. यदि आपको किसी विषय–वस्तु पर स्पष्टता नहीं है, तो आप –
(A) विभिन्न साधनों का उपयोग कर विषय–वस्तु को स्पष्ट करेंगे।
(B) आपको जितना स्पष्ट हुआ है, उतना ही स्पष्ट करेंगे।
(C) उस विषय–वस्तु पर विद्यार्थियों को गृहकार्य कर लेने के लिए कहेंगे।
(D) पूर्णतः उस विषय–वस्तु को छोड़ देंगे।

78. छात्रों को अध्ययन की ओर ले जाने के लिए अध्यापक का कर्त्तव्य है कि वह –
(A) उन्हें पुरस्कृत करे।
(B) उनकी प्रशंसा करे।
(C) उन्हें दण्डित करे।
(D) उन्हें प्रेरित करे।

79. स्कूल की सेटिंग में नेतृत्व को ध्यान केंद्रित करना चाहिए –
(A) नियमों को लागू करने पर
(B) टीम भावना का निर्माण करने पर
(C) अनुशासन बढ़ाने पर
(D) स्कूल का विकास करने पर

80. शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग तब प्रभावी है, जब वह सहायक हो –
(A) कक्षा में छात्रों का ध्यान आकर्षित करने में
(B) कक्षा में अनुशासनहीनता की समस्याओं को कम करने में
(C) छात्रों के सीखने के परिणामों में वृद्धि करने में
(D) सीखने के कार्यों में छात्रों की प्रभावी भागीदारी बनाने में



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

81. जब कोई विशेष आवश्यकता वाला विद्यार्थी कक्षा में धीमी गति से सीखता है, तो आपकी प्रतिक्रिया होगी –
(A) वह बाकी विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा डालता है।
(B) मैं अतिरिक्त समय देना तो चाहती/चाहता हूँ लेकिन यह संभव नहीं है।
(C) मैं उसकी गति के अनुसार कुछ अतिरिक्त सहायता देने का प्रयास करूँगी/करूँगा।
(D) मैं उसकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर शिक्षण अधिगम रणनीतियों को समायोजित करूँगा/करूँगी।

82. अनुदेशात्मक नेतृत्व के संदर्भ में, एक शिक्षक को करना चाहिए –
(A) कक्षा शिक्षण का प्रबंधन।
(B) परीक्षा का संचालन।
(C) छात्रों के लिए सार्थक सीखने के अनुभव को सुगम बनाना।
(D) कक्षा में कठोर अनुशासन बनाए रखना।

83. यदि कोई बालक कक्षा से नित्य भाग जाता है, तो आप क्या करेंगे?
(A) उसे विद्यालय से निकाल देंगे।
(B) उस पर 100 ₹ दण्ड लगाएंगे।
(C) कारण जानने का प्रयास करेंगे।
(D) उसके पिता को बुलाकर सही स्थिति की जानकारी देंगे।

84. आपके साथी अध्यापक को कार्यशाला के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। आपके लंबे अनुभव को देखते हुए वह आपसे मदद मांगता है, आप –
(A) व्यस्तता का बहाना बनाकर मना कर देंगे।
(B) साथी अध्यापक को स्वयं आयोजन करने हेतु कहेंगे।
(C) जितना पूछा जाएगा उतना ही बताएंगे।
(D) उत्साहपूर्वक अपना सर्वोत्तम सहयोग देंगे।

85. नये पाठ को आरम्भ करने से पूर्व पुराने को दोहराना चाहिए क्योंकि –
(A) विद्यार्थियों की योग्यता को जाँचा जा सकेगा।
(B) नया पाठ यदि पूर्व से सम्बन्धित होगा तो आसानी से समझ आयेगा।
(C) विद्यार्थी पहले के पाठ को घर से पढ़कर आयेंगे।
(D) यह कक्षा में अनुशासन बनाए रखने में सहयोग करेगा।

86. अभिभावक–शिक्षक संघ को महत्त्वपूर्ण क्यों माना जाता है?
(A) इससे विद्यालय को ठीक से काम करने में मदद मिलती है
(B) इससे छात्रों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है
(C) इससे छात्रों की समस्या को सुलझाने में मदद मिलती है
(D) इससे शिक्षकों और अभिभावकों को करीब आने में मदद मिलती है

87. यदि कोई छात्र दूसरों से मिलने से बचता है, तो –
(A) उसे अकेला छोड़ देना चाहिए
(B) उसे समूह गतिविधियों में शामिल करना चाहिए
(C) उसे दूसरों से मिलने के लिए कहा जाना चाहिए
(D) उसे अपने सहपाठियों से मिलने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए

88. एक संस्थान की प्रभावी कार्य प्रणाली का संकेतक है –
(A) समृद्ध वित्तीय संसाधनों का होना
(B) प्रशासन, शिक्षकों और विद्यार्थियों के मध्य समन्वय
(C) समस्या–समाधान क्षमता
(D) अध्यापकों और विद्यार्थियों का उच्च नैतिक स्तर

89. शिक्षण प्रक्रिया में आकलन –
(A) सीखने वाले को सीखने सम्बन्धी कठिनाइयों को समझने में मदद करता है।
(B) शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच संवाद सततता बनाए रखने में मदद करता है।
(C) शिक्षण–अधिगम योजना बनाने में मदद करता है।
(D) केवल उच्च अंक प्राप्त करने में सहायक है।



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

90. एक व्यावसायिक प्रतिबद्ध शिक्षक –
(A) कक्षा के दौरान पढ़ाता है।
(B) शिक्षण कर संतुष्ट होता है।
(C) विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को व्यक्तिगत हित पर प्राथमिकता देता है।
(D) छात्रों के समग्र विकास में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध होता है।

91. शिक्षक को समाज के सामुदायिक कार्यों में खुलकर भाग लेने से क्या लाभ है?
(A) वह समाज को निकटता से समझ सकेगा।
(B) वह समाज में सम्मान प्राप्त कर सकेगा।
(C) उसे आर्थिक लाभ होगा।
(D) वह समाज के कार्यों को नियंत्रित कर सकेगा।

92. अध्यापक बनने के बाद, आप किस तरह का कार्य करने में रुचि रखेंगे?
(A) विद्यार्थियों का समर्थन करना।
(B) विद्यार्थियों के ज्ञान के स्तर को बढ़ाना।
(C) विद्यार्थियों की शिकायत प्राचार्य तक पहुँचाना।
(D) अपने विद्यालय में शिक्षण स्तर को बढ़ाना।

93. विद्यार्थी–परिषद का उद्देश्य है –
(A) विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना
(B) विद्यालय प्रबंधन समिति की समस्याओं को सरल बनाना
(C) विभिन्न विद्यार्थी समूहों और संगठनों का मनोबल मापने में प्रधानाचार्य की सहायता करना
(D) विद्यालय से संबंधित समस्याओं के समाधान में विद्यार्थियों को शामिल करना

94. गाँधी जी की बेसिक शिक्षा का उद्देश्य बालक को –
(A) ज्ञान का सागर बनाना था
(B) अहिंसा और सत्य का पाठ पढ़ाना था
(C) समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना था
(D) आत्मनिर्भर बनाना था

95. कक्षा–कक्ष में अनुशासन बनाये रखने के लिए आवश्यक तत्त्व है–
(A) अध्यापक का आदर्श एवं विद्वतापूर्ण व्यक्तित्व।
(B) अध्यापक की गंभीर प्रकृति।
(C) अध्यापक का सुपरिधानित व्यक्तित्व।
(D) अध्यापक का आकर्षक व्यक्तित्व।

96. शिक्षा एक शक्तिशाली साधन है –
(A) सामाजिक परिवर्तन का
(B) सांस्कृतिक परिवर्तन का
(C) व्यक्तिगत परिवर्तन का
(D) आर्थिक स्तर में उन्नति का

97. कक्षा में प्रश्न पूछने वाले विद्यार्थियों को –
(A) कक्षा के बाद शिक्षक से मिलने की सलाह दी जानी चाहिए।
(B) कक्षा में चर्चा में भाग लेने के लिए हतोत्साहित किया जाना चाहिए।
(C) प्रश्न पूछते रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
(D) स्वतंत्र रूप से उत्तर खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

98. आप अपने सहकर्मी के साथ मतभेद कैसे सुलझाएंगे?
(A) दूसरे सहकर्मियों के सामने बहस करके
(B) प्रिंसिपल से शिकायत करके
(C) इसका कारण जानने की कोशिश करके, आपसी सहमति से सुलझाएंगे
(D) उसका उपहास करके

99. छात्र द्वारा दिए गए गलत उत्तर पर प्रतिक्रिया देने का सबसे अच्छा तरीका है –
(A) सबक न सीखने के लिए उसे डाँटना।
(B) यह समझाना कि उत्तर गलत क्यों है।
(C) किसी अन्य छात्र से सही उत्तर देने के लिए कहना।
(D) गलत उत्तर को नजरअंदाज़ करना और अगले प्रश्न पर बढ़ जाना।

100. किसी दिन यदि विद्यार्थी पढ़ने के मूड में नहीं हों, तो –
(A) उन्हें उस दिन कोई रोचक गतिविधि करने को कहना चाहिए।
(B) उन्हें कक्षा में बिना बात करे बैठे रहने का आदेश देना चाहिए।
(C) उन्हें मुक्त कर देना चाहिए।
(D) अध्यापक को उनके साथ बैठना चाहिए, उनके साथ हँसी मजाक कर आनंद लेना चाहिए।



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

## भाग–स
### सामान्य जागरूकता

101. नीति आयोग द्वारा जारी राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025 में किस राज्य ने पहला स्थान प्राप्त किया है?
(A) राजस्थान (B) बिहार (C) ओडिशा (D) गुजरात

102. निम्न में से किसने 15वीं शताब्दी में 'सत्रिया नृत्य' से परिचित करवाया?
(A) अल्लाह जिलाई बाई (B) दादूदयाल
(C) शंकरदेव (D) देवीलाल

103. 'पॉवर्टी एण्ड अन–ब्रिटिश रूल इन इंडिया' के लेखक कौन हैं?
(A) मोतीलाल नेहरू (B) दादा भाई नौरोजी (C) भगत सिंह (D) राजेन्द्र प्रसाद

104. निम्न में से कौनसा अलकनन्दा नदी का उद्गम स्थल है?
(A) राकस झील (B) सतोपन्थ हिमनद (C) नाग पर्वत (D) ब्रह्मगिरी पर्वत

105. किस स्थान पर, 18वें 'प्रवासी भारतीय दिवस' सम्मेलन का, जनवरी 2025 में आयोजन किया गया था?
(A) भुवनेश्वर (B) गांधीनगर (C) हैदराबाद (D) चेन्नई

106. भारत सरकार का O-SMART कार्यक्रम निम्न में से किससे संबंधित है?
(A) ओज़ोन क्षरण से (B) भूकंप की भविष्यवाणी से
(C) महासागरों से (D) अपतटीय तेल क्षेत्रों से

107. कांगेर वैली नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है, जिसे हाल ही में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थाई सूची में 'प्राकृतिक' श्रेणी में सम्मिलित किया गया है?
(A) छत्तीसगढ़ (B) झारखंड (C) मध्य प्रदेश (D) कर्नाटक

108. किस राज्य में सिमिलीपाल संरक्षित जैवमण्डल स्थित है?
(A) मध्य प्रदेश (B) असम (C) आन्ध्र प्रदेश (D) ओडिशा

109. 16वीं राजस्थान विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पश्चात निम्नलिखित राजनीतिक दलों में से सर्वाधिक सदस्य किसके हैं?
(A) भारत आदिवासी पार्टी (B) राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी
(C) बहुजन समाज पार्टी (D) राष्ट्रीय लोकदल

110. प्रोजेक्ट ISHAN निम्न में से किससे संबंधित है?
(A) हवाई यातायात प्रबंधन (B) रक्षा
(C) कृषि (D) प्रदूषण नियंत्रण

111. कठपुतली शैली 'पुतुल नाच' का संबंध किस राज्य से है?
(A) मणिपुर (B) ओडिशा (C) केरल (D) पश्चिम बंगाल

112. राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण का वैज्ञानिक नाम क्या है?
(A) स्ट्रिजीफॉर्मेस (B) आर्डियोटिस नाइग्रिसेप्स
(C) स्फेनिसिडी (D) सिग्नस

113. किसे हराकर गुकेश दोम्मराजु सिंगापुर में विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024 में विश्व शतरंज चैम्पियन बने?
(A) मैगनस कार्लसन (B) हिकारू नाकामुरा
(C) डिंग लिरेन (D) फाबियानो कारुआना

114. किस मंदिर को राजस्थान का 'मिनी खजुराहो' कहा जाता है?
(A) रामेश्वर महादेव (B) रामगढ़ भांड देवरा (C) गरड़िया महादेव (D) बाड़ोली

115. राजस्थान सरकार के 'पंच गौरव' कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौनसे जिलों के लिए क्रिकेट को 'पंच गौरव' के रूप में सम्मिलित किया गया?
(A) बालोतरा एवं करौली (B) नागौर एवं भीलवाड़ा
(C) जयपुर एवं अजमेर (D) कोटा एवं चित्तौड़गढ़

116. निम्नलिखित में से किस देशी रियासत से महारावल लक्ष्मण सिंह जुड़े हुए थे, जो राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे?
(A) जोधपुर (B) बीकानेर (C) डूंगरपुर (D) जयपुर

301



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

**117.** 'गवरी' के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है?
(A) यह लोक नाट्य कला की एक विधा है।
(B) यह पुरुष तथा स्त्री दोनों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
(C) यह मुख्यतः भील संस्कृति से जुड़ा है।
(D) यह मेवाड़ क्षेत्र से निकटता से जुड़ा है।

**118.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन किशनगढ़ चित्रकला के संबंध में सही है?
(A) यह राजस्थानी लघु चित्रकला की विशिष्ट शैली है जो मुख्यतः महाराजा सावंत सिंह (नागरीदास) के समय 18वीं सदी में विकसित हुई।
(B) 'रसिकप्रिया' किशनगढ़ चित्रकला की प्रसिद्ध कृति है।
(C) 'रसिकप्रिया' सावंत सिंह और उसकी पत्नी की प्रेमकथा का प्रतिनिधित्व करती है।
(D) 'रसिकप्रिया' निहालचंद द्वारा चित्रित की गई है।

**119.** निम्नलिखित में से कौनसा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा के बारे में सही नहीं है?
(A) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा पर्यावरण के संबंध में निर्णय लेने वाली सबसे बड़ी संस्था है।
(B) इसमें संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य राष्ट्र सम्मिलित हैं।
(C) यह 2012 में बनाई गई।
(D) यू.एन.ई.ए. (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा)–6, दिसम्बर 8 से 12, 2025 तक संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के मुख्यालय नैरोबी में आयोजित होगी।

**120.** कौनसे वर्तमान स्थान राजस्थान में प्राचीन शूरसेना साम्राज्य बनाते थे?
(A) भरतपुर, धौलपुर, करौली
(B) बीकानेर, नागौर
(C) प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा
(D) जोधपुर, जैसलमेर

**121.** संविधान के 99वें संशोधन अधिनियम, 2014 द्वारा निम्न में से किसकी स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है?
(A) राष्ट्रीय हरित अधिकरण
(B) नीति आयोग
(C) राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी
(D) राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग

**122.** निम्नांकित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

| | टाईगर रिज़र्व का नाम | | राज्य का नाम |
|---|---|---|---|
| (A) | बांदीपुर | – | कर्नाटक |
| (B) | कान्हा | – | मध्यप्रदेश |
| (C) | मानस | – | झारखंड |
| (D) | मेलघाट | – | महाराष्ट्र |

**123.** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के बारे में कौनसा कथन सही नहीं है?
(A) वे भारत के पहले राष्ट्रपति थे।
(B) वे संविधान सभा के एक सदस्य थे।
(C) उन्होंने प्रसिद्ध किताब 'इण्डिया विन्स फ्रीडम' लिखी थी।
(D) वे 1934 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**124.** वन अधिकार अधिनियम, 2006 द्वारा किसे कानून के प्रावधानों को लागू करने के लिये महत्त्वपूर्ण भूमिका दी गयी है?
(A) ग्राम सभा
(B) ग्राम पंचायत
(C) ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (खण्ड विकास अधिकारी)
(D) जिला मजिस्ट्रेट



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

125. निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम का आरंभ संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा 2022 में, प्राकृतिक आपदाओं से मानवीय जीवन की रक्षा के लिए किया गया था?
(A) अर्ली वॉर्निंग फॉर ऑल (सभी के लिए पूर्व चेतावनी)
(B) ग्रीन क्लाइमेट इनीशिएटिव (हरित जलवायु पहल)
(C) फ्रेमवर्क फॉर डिज़ास्टर रिस्क रिडक्शन (आपदा के खतरे को कम करने की संरचना)
(D) डिज़ास्टर रिस्क नॉलेज प्रोग्राम (आपदा के खतरे का ज्ञान कार्यक्रम)

126. निम्न में से कौनसा अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा नहीं है?
(A) सैडल चोटी (B) कोयोब चोटी (C) डियावोलो चोटी (D) कामेट चोटी

127. निम्नलिखित में से 'भुवन' क्या है?
(A) यह इसरो का एक भारतीय पोर्टल है, जो विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों तथा पर्यावरण की मानचित्र आधारित जानकारी प्रदान करता है।
(B) यह एक भारतीय खेल पोर्टल है जो विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों की जानकारी देता है।
(C) यह एक भारतीय पोर्टल है जो मौसम की पूर्व जानकारी देता है।
(D) यह एक भारतीय पोर्टल है जो किसानों को जमीन की खातेदारी की जानकारी देता है।

128. निम्नलिखित में से किसे 2019 में 'भारत रत्न' पुरस्कार नहीं दिया गया?
(A) प्रणब मुखर्जी (B) भूपेन्द्र कुमार हजारिका
(C) नानाजी देशमुख (D) अटल बिहारी वाजपेयी

129. पसाला कृष्णा भारती, जिनका हाल ही में निधन हुआ, के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है?
(A) पसाला कृष्णा भारती ने दलितों में शिक्षा को बढ़ावा दिया।
(B) उन्होंने अपना जीवन महात्मा गांधी के आदर्शों के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।
(C) वह ग्रामीण तेलंगाना में बैंकिंग व्यवस्था को उन्नत करने के उल्लेखनीय कार्य करने के लिए जानी जाती हैं।
(D) वह आंध्रप्रदेश से थीं।

130. भारत सरकार द्वारा 2001 में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिये किस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी?
(A) पर्यावरण मित्र कार्यक्रम (B) पृथ्वी बचाओ कार्यक्रम
(C) नेशनल ग्रीन कॉर्प्स (D) प्रोजेक्ट पांडा

131. निम्न में से कौनसा गीत गोआ से संबंधित है?
(A) होरी (B) मन्डो (C) पंखिड़ा (D) लमन

132. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?
(A) रेल इंजन (लोकोमोटिव) कारखाना – अजमेर
(B) हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड – विशाखापट्टनम
(C) हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड – बेंगलुरु
(D) इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड – चेन्नई

133. भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों ने किस स्थान पर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की?
(A) अल्फ्रेड पार्क, कानपुर (B) फिरोज शाह कोटला, दिल्ली
(C) खालसा कॉलेज, लाहौर (D) गोवालिया टैंक मैदान, बॉम्बे

134. किस वर्ष भारतीय संसद द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम अधिनियमित किया गया?
(A) 1986 (B) 1976 (C) 1966 (D) 1996

135. निम्न में से कौनसा भारत का पहला निजी उपग्रह समूह है?
(A) ड्रेगन (B) फायरफ्लाई (C) हनीबी (D) हॉर्नबिल

136. CSIR-NAL द्वारा हाल ही में कौनसा अगली पीढ़ी का प्रशिक्षु/प्रशिक्षक विमान बनाया गया है?
(A) सेसना 172 (B) हंसा (एन जी) (C) स्काईहॉक (D) रॉबिन DR400



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

137. निम्न में कौन 'वे टू बोलपुर' नामक चित्र के चित्रकार हैं?
(A) नन्दलाल बोस (B) असित कुमार हल्दर (C) के. के. हेब्बार (D) लक्ष्मण पई

138. किस देश ने नौसैनिक अभ्यास 'ला पेरोस 2025' का आयोजन किया?
(A) फ्रांस (B) स्पेन (C) मालदीव (D) जर्मनी

139. किस उपन्यास के लिए, नागा लेखिका ईस्टरीन कीर ने 2024 का प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त किया है?
(A) द गॉड ऑफ़ स्मॉल थिंग्स (B) द डॉटर फ्रॉम ए विशिंग ट्री
(C) स्पिरिट नाइट्स (D) द लोलैंड

140. किस वर्ष शिक्षा पर 'हार्तोग समिति' का गठन किया गया था?
(A) 1915 (B) 1929 (C) 1903 (D) 1919

141. खान अब्दुल गफ्फ़ार खान के बारे में निम्नांकित में से क्या सही नहीं है?
(A) उन्हें 'सीमांत गांधी' के नाम से भी जाना जाता है।
(B) 1929 में उन्होंने अहिंसक 'खुदाई खिदमतगार' आंदोलन आरम्भ किया।
(C) 1987 में वह पहले गैर–भारतीय बने जिन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत–रत्न' दिया गया।
(D) वह भारत की संविधान सभा में केन्द्र–राज्य संबंधों पर बनी सलाहकार समिति के सदस्य थे।

142. बीगोद (भीलवाड़ा) स्थित त्रिवेणी संगम निम्नलिखित में से किन नदियों का संगम है?
(A) बनास, बेड़च, मेनाल (B) बनास, कोठारी, गंभीरी
(C) बेड़च, मेनाल, गंभीरी (D) बनास, चंबल, कोठारी

143. निम्न में से कौन स्वतंत्रता सेनानी थे जो जयपुर प्रजामण्डल में सक्रिय थे और बाद में राजस्थान उच्च–न्यायालय के न्यायाधीश बने?
(A) कपूरचंद पाटनी (B) गुलाबचंद कासलीवाल
(C) दौलतमल भण्डारी (D) बाबा हरिश्चन्द्र

144. निम्नलिखित में से कौनसी भूमिका भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा नहीं निभाई गई है?
(A) लोकसभा के निर्वाचित सदस्य (B) गवर्नर, रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया
(C) अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (D) भारत के वित्तमंत्री

145. निम्नांकित में से किस देश को जनवरी, 2025 से ब्रिक्स की पूर्ण सदस्यता प्रदान की गई थी?
(A) इंडोनेशिया (B) श्रीलंका (C) कनाडा (D) बेल्जियम

146. राजस्थान की गाय की किस किस्म को आई.सी.ए.आर.–एन.बी.ए.जी.आर. द्वारा 2022 में पंजीकृत किया गया है?
(A) सांचोरी (B) नागौरी (C) थारपारकर (D) कांकरेज

147. विन्ध्यन क्रम की शैलों का सही उपक्रम पहचानिए –
(A) दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर (B) सेमरी, कुरनूल, मालानी
(C) कश्मीर, बारामूला, अनंतनाग (D) जबलपुर, छोटा नागपुर, शिमला

148. ब्रिटिश शासन के समय निम्नलिखित में से कौनसा एक चीफ कमिश्नर प्रांत था?
(A) माउन्ट आबू (B) अजमेर (C) सिरोही (D) उदयपुर

149. निम्नांकित में से शहरों का कौनसा समूह मौर्य साम्राज्य के पाँच बड़े राजनीतिक केन्द्रों का प्रतिनिधित्व करता है?
(A) पाटलिपुत्र, तक्षशिला, उज्जैन, तोसाली, सुवर्णगिरि
(B) पाटलिपुत्र, सारनाथ, कलिंग, कांधार, उज्जैन
(C) तक्षशिला, सारनाथ, सांची, कलिंग, कांधार
(D) कलिंग, नालन्दा, कांधार, तोसाली, तक्षशिला

150. दक्षिण भारत के लाल लेटराइट मिट्टी में निम्नलिखित में से कौनसी फसल के समूह को आसानी से उगाया जाता है?
(A) गेहूँ, ज्वार, गन्ना, बाजरा (B) चाय, रबर, नारियल, काजू
(C) कपास, बाजरा, खट्टे फल, चाय (D) चावल, दाल, तेलीय बीज, मक्का



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

भाग–द
अंग्रेजी

**Read the passage and answer the questions (151 – 154) given below :-**

If you are fond of coffee and doctors advise you against this habit you need not worry because it is not that bad. Infact according to a new study, a cup of coffee can beat fruits and vegetables as the primary source of antioxidants. Some studies state that coffee is the number one source of antioxidants in American diet and it provides potential health benefits including protection against heart-diseases and cancer. The research says that coffee outranks popular antioxidant sources like tea, milk, chocolates and berries. Besides keeping you alert and awake, coffee has been linked to an increasing number of potential health benefits including protection against liver and parkinsons and diseases like diabetes and cancer.

151. What, other than coffee, is/are the primary source/s of antioxidants?
(A) Water (B) Cold drinks
(C) Fruits and Vegetables (D) Liquor

152. As a rich source of antioxidants, coffee keeps the user -
(A) intoxicated (B) alert and awake
(C) lazy and disinterested (D) allergic

153. Coffee can provide protection against diseases like ..................
(A) Malaria and Dengue (B) Cholera and Jaundice
(C) Obesity and Blood Pressure (D) Heart Diseases and Cancer

154. What does the word 'potential' mean?
(A) large (B) extraordinary (C) capable (D) great

155. Mark the correct spelling -
(A) Enciclaupidia (B) Encyclopedia (C) Acyclopidia (D) Anciclopidiya

156. Mark correct antonym of the word "Hope" -
(A) Disappointment (B) Sadness (C) Despair (D) Nervous

157. He killed a <u>flying</u> bird.
The underlined word is a -
(A) Past Participle (B) Present Participle (C) Gerund (D) Infinitive

158. Mark the correct spelling -
(A) Quastnair (B) Questnaiyer (C) Questionnaire (D) Questionaiyer

159. I insisted that he.................apologise.
(A) could (B) must (C) need to (D) should

160. Identify the tense used in the following sentence -
'I had already completed my work before midnight.'
(A) Past Continuous (B) Past Simple (C) Present Simple (D) Past Perfect

161. To play fast and loose means -
(A) to play correctly (B) to play with rules
(C) to behave in a dishonest way (D) to behave in a reliable way

162. Our seniors treat one another with............and esteem.
(A) difference (B) diference (C) dafference (D) deference



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

163. A post or position without any remuneration is called -
(A) Honorary (B) Beneficiary (C) Salaried (D) Temporary

164. Fill in the blank with correct option -
If you .................... the history of Rajasthan, you will find that Rana Sanga was a great warrior.
(A) look at (B) go from (C) look down (D) look on

165. Fill in the blank with the most appropriate phrasal verb -
You are walking too fast. I cannot.................with you.
(A) break down (B) bring up (C) keep on to (D) keep up

166. Which of the following 'Prefix' can be added with the word 'Ravel' to make a meaningful word?
(A) Il- (B) Dis- (C) Un- (D) Im-

167. Choose the correct option -
He is not very intelligent but he works ..................
(A) much (B) hard (C) too much (D) very much

168. Identify compound sentence in the following -
(A) It was not cold, but I was shivering.
(B) He gifted Mohit a beautiful pen.
(C) All roads lead to Rome.
(D) Might is right.

169. Mark one word substitution of the following -
"One with narrow religious views."
(A) Non-believer (B) Atheist (C) Unreligious (D) Bigot

170. They warned us.............buying the car.
(A) for (B) on (C) without (D) against

171. A person who is unable to pay his debts?
(A) drawn (B) usurer (C) sinecure (D) insolvent

172. Fill in the blank with correct preposition -
'She is afraid .................... dogs.'
(A) by (B) with (C) beside (D) of

173. Which of the following is the opposite of the word 'innocent'?
(A) Simple (B) Magnificent (C) Sober (D) Guilty

174. Complete the sentence with suitable answer -
'I don't trust her, .......................?'
(A) could you (B) do you (C) must you (D) did you

175. Almost..................visitor stopped and stared.
(A) all (B) each (C) every (D) one

176. Choose the prefix that can be added to the word 'credible' -
(A) non (B) in (C) un (D) up

177. Identify the correct sequence of the jumbled sentence -
(P) in the market (Q) i met (R) today (S) an old friend
(A) P Q R S (B) Q P R S (C) Q S P R (D) S P Q R

178. ...............my cousins were at the wedding.
(A) Some (B) Both (C) Any of (D) None of



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

179. Choose the word with correct spelling -
(A) Bibbliography (B) Bibliography (C) Bibliografy (D) Bibliugraphy

180. Mark correct Passive form of the following sentence -
Doctors advise patients to eat a healthy diet.
(A) Patients are advised for eating a healthy diet.
(B) Patients are advised to eat a healthy diet.
(C) Eating of a healthy diet was advised to patients.
(D) Patients were given advise of eating a healthy diet.

181. Fill in the blank with correct option -
'Your younger sister takes .................. you.'
(A) to (B) behind (C) after (D) for

182. Complete the sentence with the correct option -
.................... he is an average student ................ he got good marks.
(A) As.....even (B) Though.....yet
(C) As.....well (D) Not only.....but also

183. Identify the correct sentence in the following sentences -
(A) A few of the ink has spilt on the table.
(B) A little ink have spilt on the table.
(C) Some of the ink has spilt on the table.
(D) Some ink have spilt on the table.

184. Choose the correct answer -
"I don't know this man. Do you?"
(A) He said that he did not know that man and asked if I knew him.
(B) He asked if I knew that man because he did not know him.
(C) He said that he does not know him very well.
(D) He asked that he did not know this man.

185. Fill in the blank with correct option -
'.............apples sold in the market are brought from Kashmir.'
(A) An (B) A (C) The (D) Any.

186. Complete the sentence with the correct option
Indian economy has made .................. growth.
(A) remarkable (B) downward (C) low (D) unwarranted

187. Identify the correct sentence in the following sentences -
(A) Was I a King, I would lived a life of ease.
(B) Were I a King, I would live a life of ease.
(C) Were I a King, I would had lived a life of ease.
(D) Were I a King, I lived a life of ease.

188. His appreciation has become a source of motivation.
In this sentence 'motivation' is -
(A) Object (B) Adjunct (C) Complement (D) Direct Object


Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

189. Identify sentence pattern used in the following sentence -
"I saw him in the theatre."
(A) Subject + Verb + Object + Adjective
(B) Subject + Verb + Object + Adverb
(C) Subject + Verb + Adverb + Object
(D) Subject + Verb + Adjective + Object

190. Choose the correct option to complete the sentence -
She had to ........................ the police due to robbery in her house.
(A) call down (B) calm down (C) set on (D) call upon

191. Mark correct Passive form of the following sentence -
We would like someone to clear away these boxes.
(A) These boxes are to be cleared away by someone.
(B) We would like these boxes to be cleared away.
(C) We would like that these boxes are to be cleared away.
(D) These boxes were to be cleared away by someone it is liked by us.

192. Choose the synonym of the word - 'Reliable'
(A) Kind (B) Nice (C) Useless (D) Trustworthy

193. Mark one word substitution of the following -
"One who easily believes"
(A) Credulous (B) Faithful (C) Believer (D) Aggressor

194. Whenever Richard was angry, he...............walk out of the room.
(A) could (B) can (C) may (D) would

195. Choose the word which means "words inscribed on the tomb of the dead."
(A) Epic (B) Epitaph (C) Script (D) Essay

196. Complete the sentence with correct option -
............................... learning is a dangerous thing.
(A) Much (B) Few (C) Small (D) Little

197. I prefer <u>working</u> in the garden.
The underlined word is a -
(A) Gerund (B) Present Participle (C) Past Participle (D) Infinitive

198. She is very intelligent. She is bound............pass the exam.
(A) to (B) for (C) on (D) with

199. Identify the correct sequence of the jumbled sentence -
(P) unloading (Q) two hours (R) them (S) the ferry (T) took
(A) PSTRQ (B) STQRP (C) SPQTR (D) PRTQS

200. Identify the correct sequence of the jumbled sentence -
(P) gave me (Q) my plate (R) she (S) a clean one (T) took (U) and
(A) RTUPSQ (B) QRTPUS (C) PQURST (D) RTQUPS



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

## भाग–द
## हिन्दी

151. 'निस्तेज' शब्द में उपसर्ग है –
(A) नि (B) निस् (C) निः (D) निर्

152. 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची नहीं है –
(A) सोम (B) सुधा (C) विपिन (D) पीयूष

153. जो घटना पहले कभी नहीं हुई हो, उसे कहते हैं –
(A) अंतर्राष्ट्रीय (B) अभूतपूर्व (C) अनिवार्य (D) अटल

154. "तुम्हारी घड़ी नौकर ने कहीं रख दी होगी।" वाक्य दर्शाता है –
(A) सामान्य भूतकाल (B) संदिग्ध भूतकाल (C) पूर्ण भूतकाल (D) संभाव्य भूतकाल

155. संधि के नियमों की दृष्टि से सही विकल्प नहीं है –
(A) नमः + कार = नमस्कार
(B) पुरः + कार = पुरस्कार
(C) भाः + स्कर = भास्कर
(D) भाः + पति = भास्पति

156. 'थाली का बैंगन' मुहावरे का अर्थ होता है –
(A) साफ मना कर देना
(B) हरा देना
(C) अस्थिर विचारों वाला व्यक्ति
(D) दुःखी को और दुःखी करना

157. सदैव एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द नहीं है –
(A) जनता (B) हवा (C) आग (D) बाल

158. 'भेड़ जहाँ जाएगी, मुँडेगी' लोकोक्ति का अर्थ है –
(A) दुविधा में फँस जाना
(B) प्रसिद्ध वस्तु, पर महत्त्वहीन
(C) कमजोर को कोई नहीं बख्शता
(D) दुष्ट के पास रहने से नाश होता है।

159. 'किसी प्रकार की विशेषता या अधिकता होना' को दर्शाने वाला मुहावरा है –
(A) माथे धराना (B) माथा टेकना (C) माथे भाग होना (D) माथे टीका होना

160. 'उच्चारण' में संधि है –
(A) दीर्घ संधि (B) व्यंजन संधि (C) विसर्ग संधि (D) स्वर संधि

161. किस विकल्प में सब परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?
(A) बाग, सरोज, मदन
(B) बाग, बगीचा, उपवन
(C) सरोज, कमल, पंकज
(D) मदन, मनोज, अनंग

162. निम्नलिखित में से अशुद्ध विकल्प है –
(A) आँखें नीची करना – गुस्सा दिखाना
(B) आग में घी डालना – गुस्सा बढ़ाना
(C) आसमान टूट पड़ना – बड़ी विपत्ति आ पड़ना
(D) अक्ल का दुश्मन – मूर्ख

163. जो कार्य कठिनता से सम्पन्न हो, कहलाता है –
(A) सुकर (B) दुष्कर (C) यथाशक्ति (D) अमूल्य

164. निम्न में से योगरूढ़ शब्द है –
(A) पुस्तक (B) नीलकंठ (C) सेनापति (D) अनुशासन

165. 'व्याख्यान' शब्द का तद्भव होता है –
(A) वक्तव्य (B) वर्धन (C) बढ़ना (D) बखान

166. निम्न में से 'मिश्र वाक्य' नहीं है –
(A) जब वह आयेगा तब मैं घर चला जाऊँगा।
(B) महात्मा गांधी सदा ही अहिंसा को बल का आधार मानते थे।
(C) वह पेड़ उग आया है जो तुमने लगाया था।
(D) मैं जानता हूँ कि वह कहीं चला गया है।

167. "काश! आप पहले आ गए होते।" वाक्य है –
(A) समुच्चयबोधक वाक्य
(B) सम्बन्धबोधक वाक्य
(C) विस्मयादिबोधक वाक्य
(D) क्रिया विशेषण वाक्य



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

168. निम्न में से अशुद्ध विकल्प है –
(A) Unsafe–असंरक्षित (B) Baggage–असबाब (C) Fail–उत्तीर्ण (D) Reality–असलियत

169. विलोम शब्दों की दृष्टि से उपयुक्त विकल्प नहीं है –
(A) वरदान – शाप (B) निर्गुण – दुर्गुण (C) लोक – परलोक (D) राग – द्वेष

170. 'सतसई' शब्द में समास है –
(A) द्विगु समास (B) द्वंद्व समास (C) कर्मधारय समास (D) तत्पुरुष समास

171. तत्सम – तद्भव की दृष्टि से उपयुक्त विकल्प नहीं है –
(A) दधि – दही (B) कच्छप – कछुआ (C) धूम्र – धूप (D) अश्रु – आँसू

172. 'पीपर पात सरिस मन डोला।' पंक्ति में अलंकार है –
(A) रूपक (B) उपमा (C) उत्प्रेक्षा (D) उदाहरण

173. निम्न में से द्वंद्व समास का उदाहरण नहीं है –
(A) सेठ – साहूकार (B) धर्माधर्म (C) अठवाड़ा (D) पाप – पुण्य

174. वृद्धि संधि के संधि–विच्छेद की दृष्टि से उपयुक्त उदाहरण नहीं है –
(A) एक + एक = एकैक
(B) प्रति + एक = प्रत्येक
(C) सदा + एव = सदैव
(D) वन + औषध = वनौषध

175. निम्न में से देशज शब्द नहीं है –
(A) खिड़की (B) चूहा (C) थैला (D) संतरा

176. "एक दिन ऐसा हुआ कि युद्ध के समय अचानक ग्रहण पड़ा।" वाक्य में संज्ञा उपवाक्य है –
(A) एक दिन ऐसा हुआ
(B) कि युद्ध के समय अचानक ग्रहण पड़ा
(C) अचानक ग्रहण पड़ा
(D) युद्ध के समय

177. निम्न में से अशुद्ध विकल्प है –
(A) तीखा – त्वरित (B) जोगी – योगी (C) झरना – निर्झर (D) तिनका – तृण

178. क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा है –
(A) आलस्य (B) चतुराई (C) चढ़ाई (D) बुराई

179. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?
(A) सौंदर्यता, भूगोलिक
(B) मान्यनीय, लावण्यता
(C) अभिशापित, अनुवादित
(D) नीरोग, ऐतिहासिक

180. शुद्ध शब्द है –
(A) दवाइयाँ (B) षडयंत्र (C) अन्तकरण (D) गृहणी

181. निम्नलिखित में से शुद्ध विकल्प कौनसा है?
(A) वध + उत्सव = वधूत्सव
(B) साधु + पदेश = साधूपदेश
(C) आत्मा + नंद = आत्मानंद
(D) पर + उपकार = परोपकार

182. निम्न में से शुद्ध विकल्प नहीं है –
(A) यथाविधि – अव्ययीभाव समास
(B) तुलसीकृत – द्वन्द्व समास
(C) नीलगाय – कर्मधारय समास
(D) राजपुत्र – तत्पुरुष समास

183. संयुक्त वाक्य का उदाहरण नहीं है –
(A) तुम जा रहे हो या मैं जाऊँ।
(B) रात सुनसान थी और चारों ओर अंधेरा था।
(C) मैं बीमार हूँ इसलिए बैठक में नहीं आ सकता।
(D) मोहन ने कहा कि गाड़ी छूट गई।

184. 'अभ्यागत' शब्द में उपसर्ग है –
(A) अ (B) अभ् (C) अभ्या (D) अभि

185. 'हनुमान' का पर्यायवाची नहीं है –
(A) भानु (B) मारुत (C) महावीर (D) कपीश



Scanned with OKEN Scanner

Adda247 GET IT ON Google Play

186. व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है –
(A) पहाड़ (B) नदी (C) सभा (D) काशी
187. किस शब्द में 'ई' प्रत्यय जुड़ा है?
(A) बुहारी (B) मथानी (C) चटनी (D) सूँघनी
188. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं –
(A) मैथलीशरण, रात्रि, मूर्ति (B) पीतांबर, परीक्षा, पुजनीय
(C) युयूत्सा, श्रीमती, मूल्य (D) पड़ोसी, मिट्टी, मूल्य
189. निम्नलिखित में से ऊष्म व्यंजन नहीं है –
(A) स (B) श (C) य (D) ष
190. 'राजीव', 'नलिन' और 'इंदीवर' किसके पर्यायवाची हैं?
(A) कमल (B) वन (C) इंद्र (D) उद्यान
191. विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग नहीं किया जाता है –
(A) घृणा, प्रसन्नता और दुख आदि भाव प्रकट करने के लिए
(B) संबोधन के लिए
(C) मनोवेगों में क्रमिक वृद्धि जताने के लिए
(D) पदबंध को सामासिक पद बनाने के लिए।
192. क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा है –
(A) बुढ़ापा (B) सजावट (C) कठोरता (D) मिठास
193. वह सर्वनाम जिससे कर्ता के साथ अपनापन प्रकट हो, कहलाता है –
(A) निजवाचक सर्वनाम (B) संबंधवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम (D) प्रश्नवाचक सर्वनाम
194. "मैं दो–तीन घंटे में लौट आऊँगा।" वाक्य विशेषण के किस भेद को दर्शाता है?
(A) गुणवाचक (B) संख्यावाचक (C) परिमाणवाचक (D) सार्वनामिक
195. 'भारी काम सिर पर लेना' को दर्शाने वाला मुहावरा है –
(A) पहाड़ कटना (B) पहाड़ काटना (C) पहाड़ उठाना (D) पहाड़ टूटना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 196 – 200)**: अनुच्छेद पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
हमारी संस्कृति में नारी की बड़ी महत्ता रही है, हमारी संस्कृति मातृसत्ता की रही है। हमारे यहाँ ज्ञान और विवेक की अधिष्ठात्री सरस्वती, शक्ति की अधिष्ठात्री दुर्गा और ऐश्वर्य की अधिष्ठात्री लक्ष्मी मानी गई हैं। स्त्री को इन तीनों रूप में रखकर भारतीय मनीषियों ने पूरी संस्कृति को बाँध दिया है। पुरुष तो कहीं बीच में आता ही नहीं। शिव जीवन का मंगल है, मगर जब नारी को आसुरी शक्तियों पर आरूढ़ होने के लिए चंडी होना पड़ता है तब मंगल को नीचे आना पड़ता है। जहाँ वह कल्याण करती है, तो विपरीत स्थितियों में ध्वंस भी उसी के हाथों होता है। ऐसी संस्कृति में अगर नारी का पतन होता है, तो वह चिंतनीय है। जब तक कोई सामाजिक क्रांति नहीं होगी, तब तक ऐसे ही चलेगा।

196. हमारी संस्कृति में शक्ति की अधिष्ठात्री किसे माना गया है?
(A) सरस्वती (B) दुर्गा (C) सीता (D) राधा
197. आसुरी शक्तियों पर आरूढ़ होने के लिए किसे चंडी बनना पड़ता है?
(A) पुरुष को (B) नारी को
(C) युवा को (D) सभी देशवासियों को
198. गद्यांश में जीवन का मंगल किन्हें कहा गया है?
(A) कृष्ण (B) राम (C) शिव (D) हनुमान
199. प्रस्तुत गद्यांश में नारी का कौनसा रूप वर्णित नहीं है?
(A) सरस्वती (B) दुर्गा (C) लक्ष्मी (D) गृहिणी
200. हमारी संस्कृति में ज्ञान व विवेक की अधिष्ठात्री देवी किसे कहा गया है?
(A) दुर्गा (B) चामुंडा (C) सरस्वती (D) महागौरी

---------------------------------



Scanned with OKEN Scanner